राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB), द्वारा आयोजित

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

# प्रैक्टिस पेपर

# 13

## भाग : ( अ )

## सामान्य हिन्दी

1. संधि की दृष्टि से कौनसा युग्म अनुचित है?
(1) मात्रिच्छा - यण स्वर संधि
(2) मनश्चिकित्सा - विसर्ग संधि
(3) तल्लीन - व्यंजन संधि
(4) स्वागत - दीर्घ स्वर संधि

2. 'निर्यात' का संधि-विच्छेद हैं?
(1) नि + यात (2) निर् + यात
(3) निः + यात (4) नि + स्यात

3. निम्नलिखित में 'शरीर' का पर्यायवाची है-
(1) वपु (2) अजर
(3) विबुध (4) हिय

4. अनेकार्थक शब्द 'पानी' का निम्नलिखित में से एक अर्थ नहीं है?
(1) चमक (2) इज्जत
(3) सेना (4) जल

5. 'स्वतंत्र' शब्द का सर्वाधिक उपयुक्त विलोम है-
(1) स्वच्छन्द (2) परतंत्र
(3) पराधीन (4) स्वाधीन

6. निम्नलिखित में विपरीतार्थक शब्दों का सही युग्म नहीं है?
(1) शीत-ताप (2) तुच्छ-लघु
(3) जड़-चेतन (4) तम-ज्योति

7. उपसर्ग से निर्मित शब्दों के संदर्भ में कौन-सा विकल्प संगत है?
(1) नि - निष्णात, निष्पक्ष, निष्ठा
(2) सु-स्वल्प, सौहार्द, सुषुप्त
(3) प्र - प्रगति, प्रतिवाद, प्रभाव
(4) आ- आक्षेपित, आंगिक, आसक्ति

8. इनमें कौन-सा शब्द 'तद्भव' है?
(1) अथवा (2) बहुधा
(3) दुविधा (4) सुविधा

9. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है-
(1) प्रादुर्भाव (2) निस्छल
(3) उज्जवल (4) आर्शिवाद

10. निम्न में से कौन शुद्ध वर्तनी युक्त शब्द है?
(1) बलिष्ट (2) बलिष्ठ
(3) बलीष्ट (4) बालिष्ठ

11. उत्तमपद्य शैली में लिखा जाने वाला पत्र है?
(1) अर्ध शासकीय पत्र (2) कार्यालय आदेश
(3) कार्यालय ज्ञापन (4) परिपत्र

12. टिप्पण लेखन में उच्च अधिकारी किस ओर हस्ताक्षर अंकित करता है?
(1) दायीं ओर (2) बायीं ओर
(3) मध्य में (4) पत्र के आरम्भ में

13. 'वेदना' शब्द में युक्त प्रत्यय है-
(1) अना (2) ना
(3) आ (4) वि

14. 'कुआँ खोदना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(1) हानि पहुँचाने का यत्न करना (2) कठिन परिश्रम करना
(3) आग बुझाना (4) क्रोध प्रकट करना

15. किस विकल्प में अव्ययीभाव समास है?
(1) आमरण (2) कृष्णार्पण
(3) नीलगाय (4) चतुरानन

16. कौन सा सामासिक पद अव्ययीभाव समास का उदाहरण है?
(1) यावज्जीवन (2) कामचोर
(3) आपबीती (4) शक्तिहीन

17. द्वंद्व समास से संबंधित पद है?
(1) बीचोंबीच (2) अनचाहा
(3) इकतीस (4) यथाशीघ्र

**18. इनमें से कौन-सा शब्द क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा नहीं है?**

(1) धुलाई (2) धुनाई

(3) पिटाई (4) सफाई

**19. 'कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं है।' इस वाक्य के सही अंग्रेजी रूपांतरण का चयन कीजिए-**

(1) No action is necessary

(2) Not any action is compulsory

(3) The action is expected

(4) The action is necessary

**20. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I ( हिंदी शब्द ) | | सूची-II ( अंग्रेजी शब्द ) |
|---|---|---|
| (A) कार्यालय ज्ञापन | (i) | Resolution |
| (B) संकल्प | (ii) | Circular |
| (C) प्रेस विज्ञप्ति | (iii) | Office-Memorandum |
| (D) परिपत्र | (iv) | Press Note |

**कूट:-**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | ii | iii | iv | i |

**21. 'हरिश्चन्द्रों की सत्यता से ही भारत का सम्मान बचा हुआ है।' इस वाक्य में किस प्रकार के संज्ञा शब्द प्रयुक्त हुए हैं?**

(1) केवल व्यक्तिवाचक

(2) केवल व्यक्तिवाचक और भाववाचक

(3) केवल व्यक्तिवाचक और जातिवाचक

(4) व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक

**22. 'उल्टी गंगा बहाना' मुहावरे का सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ है?**

(1) बाधा दूर होना (2) प्रतिकूल कार्य

(3) अनुकूल कार्य (4) विचलित होना

**23. निम्नलिखित में से संयुक्त क्रिया का भेद नहीं है-**

(1) आरंभबोधक (2) समाप्तिबोधक

(3) भावबोधक (4) अवकाशबोधक

**24. निम्नलिखित में निश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण है-**

(1) यह (2) कौन

(3) कुछ (4) जो

**25. निम्नलिखित में क्रिया-विशेषण उपवाक्य है?**

(1) वह पुस्तक कहाँ है जो मैं लाया था।

(2) गुरुजी ने कहा कि कल अवकाश रहेगा।

(3) जैसी तलाश थी वैसी नौकरी मिल गई।

(4) मैं जानता हूँ कि वह कल नहीं आएगा।

**26. किस विकल्प में क्रिया 'द्विकर्मक' रूप में प्रयुक्त हुई है?**

(1) मदारी के करतब देखकर दर्शक खूब हँसे।

(2) अध्यापक ने विद्यार्थियों को पाठ पढ़ाया।

(3) वह सुबह पढ़ाई करता है और शाम को खेलता है।

(4) मैं बाजार से सब्जी और फल खरीद लाया।

**27. किस वाक्य में सकर्मक क्रिया नहीं है?**

(1) किसान फसल काट रहा था।

(2) बच्चे पतंग उड़ा रहे हैं।

(3) पक्षी आकश में उड़ रहे हैं।

(4) मजदूर चाय पी रहे हैं।

**28. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**

(1) वे अपनी योग्यताओं के कारण विख्यात है।

(2) वहाँ सभी प्रकार की दवाईयाँ मिलती है।

(3) रमा कल सुबह जयपुर गई।

(4) तुम मेरे सहयोगी हो और मैं तुम्हारा भला चाहता हूँ

**29. वाक्यांश के लिए एक शब्द के संदर्भ में असंगत विकल्प चुनिए-**

(1) हास्य-व्यंग्य से पूर्ण नाटक रूप - प्रहसन

(2) जो चिरकाल से चला आया है - चिरंतन

(3) जो किसी अन्य में मिल गया हो - अन्तर्मुक्त

(4) जो किसी चीज के आर-पार देख सकता है - दूरदर्शी

**30. कौनसा वाक्यांश युग्म संगत नहीं है?**

(1) कोई काम करने की इच्छा - चरिष्णु

(2) आकाश में असंख्य तारों का प्रकाश पुंज - नीहारिका

(3) जो पहले कभी न हुआ हो - अभूतपूर्व

(4) जो हृदय को पिघला दे - हृदयद्रावक

## भाग : ( ब )
## सामान्य अंग्रेजी

**31. Reflexive Pronouns are also known as:**

(1) Compound Personal Pronouns

(2) Demonstrative Pronouns

(3) Possessive Pronouns

(4) Relative Pronouns

32. Choose the correct answer from the given options to identify the underlined part of the sentence:
I'll do it when I please.
(1) Adjective Clause (2) Adverb Clause
(3) Noun Clause (4) Prepositional Phrase

33. The newspapers ........ its going to rain all of next week.
(1) says (2) saying
(3) say (4) be saying

34. Choose the correct Active transformation of the given Passive:
There is no shop to be let.
(1) There is no shop to let.
(2) Let there be shops to let.
(3) Let me have shops.
(4) Shops are there to be let.

35. Choose the correct Active transformation of the given Passive:
Notice was taken down.
(1) They took down the notice.
(2) Notice has been taken down.
(3) They will take the notice down.
(4) None of the above

36. Change the following sentence from direct to indirect speech:
He said, "Alas ! I am undone."
(1) He exclaimed sadly that he was broke.
(2) He exclaimed sadly that he was undone.
(3) He said sadly that he was undone.
(4) He said sadly that he was broke.

37. ______ wood floats on water—
(1) A (2) The
(3) Most (4) No determiner

38. —— of the students were found exchanging notes during the examination.
(1) several (2) much
(3) almost (4) every

39. Choose the correct option of conversion from Assertive to Interrogative :
Nobody can measure my love for you.
(1) Who will measure my love for you?
(2) Who can measure my love for you?
(3) Who would measure my love for you?
(4) Who could ever measure my love for you?

40. Choose the correct translation:
"सुझाव मान लिया जाए।"
(1) Suggestion may be accepted.
(2) Suggestion may not be accepted.
(3) Proposal may be accepted.
(4) Instruction may be accepted.

41. 'मैं कल पहुँच रहा हूँ'।
*The above sentence can be translated into English as.*
(1) I am reaching tomorrow
(2) I shall be reaching tomorrow
(3) I am reaching to tomorrow
(4) I will be reaching to next day

42. Choose the correct Hindi option :
Disclaimer
(1) अवैतनिक (2) दस्तावेज
(3) अस्वीकारण (4) असहमति

43. Choose the correct Hindi option :
Inflation
(1) उगाही (2) मुद्रास्फीति
(3) अपस्फीति (4) लाभांश

44. 'Cognizable offence' का सही पारिभाषिक है-
(1) संज्ञेय अपराध (2) क्षमायोग्य अपराध
(3) अक्षम्य अपराध (4) जघन्य अपराध

45. These repairs will take a long time.
(1) These repairs will take not a long time
(2) These repairs will not a long time take
(3) These repairs will not take a long time
(4) These will not be take a long time

## भाग : (स)
## सामान्य ज्ञान

46. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| (जिला) | (अक्षांश/देशांतर) |
|---|---|
| (A) बांसवाड़ा | (I) 30°12' उत्तर |
| (B) जैसलमेर | (II) 69°30' पूर्व |
| (C) धौलपुर | (III) 23°3' उत्तर |
| (D) गंगानगर | (IV) 78°17' पूर्व |

सही कूट है :-

(1) A-III, B-II, C-I, D-IV
(2) A-III, B-II, C-IV, D-I
(3) A-II, B-III, C-IV, D-I
(4) A-I, B-II, C-IV, D-III

**47. महान सीमा भ्रंश राजस्थान के किस भाग में मिलता है?**
(1) दक्षिण-पूर्वी (2) दक्षिण-पश्चिमी
(3) उत्तर-पूर्वी (4) उत्तर-पश्चिमी

**48. लाल-पीली मिट्टी राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में पायी जाती है?**
(1) कोटा (2) सवाई माधोपुर
(3) बूँदी (4) बाराँ

**49. राजस्थान में किस नदी को 'मृत नदी' कहा जाता है?**
(1) कातली (2) काकानी
(3) साबी (4) घग्घर

**50. आनासागर झील का निर्माण किसने करवाया था?**
(1) अजयपाल (2) अजयराज
(3) अर्णोराज (4) जग्गदेव

**51. बीसलपुर सिंचाई योजना किस जिले में स्थित है?**
(1) जयपुर (2) टोंक
(3) अजमेर (4) भीलवाड़ा

**52. निम्नलिखित में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित नहीं हैं?**
(1) सालर-बाड़मेर
(2) सदाबहार वन-माउण्ट आबू
(3) शुष्क मरूद्भिद्-जैसलमेर
(4) मिश्रित पतझड़-कोटा

**53. मार्च 2020 तक राजस्थान में रेलमार्गो की कुल लम्बाई थी?**
(1) 5998 किमी. (2) 5800 किमी.
(3) 5837 किमी. (4) 5737 किमी.

**54. 2001 की जनगणना की तुलना में जनगणना 2011 में राजस्थान से संबंधित निम्न में से गलत विकल्प चुनिए-**
(1) बाल लिंगानुपात घटा है।
(2) जनसंख्या घनत्व में कोई बदलाव नहीं हुआ है।
(3) जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है।
(4) लिंगानुपात में वृद्धि हुई हैं।

**55. सबसे अधिक और सबसे कम महिला साक्षरता प्रतिशत, जनगणना 2011 के अनुसार, निम्न में से किन जिलों के युग्म में पायी जाती है?**
(1) जयपुर-अलवर (2) कोटा-जालौर
(3) कोटा-जैसलमेर (4) जयपुर-सिरोही

**56. 1818 ई. में, कम्पनी की ओर से राजपूत राज्यों से संधि करने वाला अधिकारी था?**
(1) मॉक मेसन (2) जेम्स फर्ग्यूसन
(3) चार्ल्स हेक्टर (4) चार्ल्स मेटकॉफ

**57. 1817-1818 के दौरान निम्नलिखित में से कौनसी रियासत प्रथम थी, जिसने अंग्रेजों के साथ संधि की?**
(1) करौली (2) कोटा
(3) उदयपुर (4) जोधपुर

**58. 1857 के स्वतंत्रता संघर्ष के समय मेवाड़ का पॉलिटिकल एजेंट था?**
(1) मेजर शॉवर्स (2) कर्नल ईडन
(3) कर्नल मैलीसन (4) मेजर मैक्मेसन

**59. राजस्थान के किस क्राँतिकारी को तिहाड़ जेल में रखा गया?**
(1) अर्जुन लाल सेठी (2) गोपाल सिंह खरवा
(3) केसरी सिंह बारहठ (4) प्रतापसिंह बारहठ

**60. आजादी के बाद रियासतों के एकीकरण से एक नया राज्य राजस्थान बना। नव निर्मित राज्य में विभिन्न स्थानों पर पाँच उच्च न्यायालय कार्यरत थे। निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उनमें से एक नहीं है?**
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) कोटा (4) बीकानेर

**61. निम्नलिखित में से किसे कोलु (फलौदी) का प्रमुख वार्षिक मेला समर्पित है?**
(1) गोगाजी (2) रामदेवजी
(3) देवजी (4) पाबूजी

**62. राजस्थान के प्रसिद्ध पुष्कर मेले का आयोजन किस महीने में किया जाता है?**
(1) नवम्बर में (2) सितम्बर
(3) फरवरी (4) मार्च

**63. रावणहत्था' किस प्रकार का वाद्य यन्त्र है?**
(1) सुषिर काष्ठ (2) तत्
(3) अवनद्ध (4) घन

**64. 'बिंदौरी' कहाँ का प्रमुख लोक नृत्य है?**
(1) किशनगढ़ (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) झालावाड़

**65. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**सूची-I** **सूची-II**

(i) जाहर पीर — (1) रामदेव जी
(ii) शिव का अवतार — (2) पाबूजी
(iii) लक्ष्मण का अवतार — (3) गोगाजी
(iv) रामसा पीर — (4) तेजाजी

**कूट:-**
(1) (i)-1,(ii)-2,(iii)-3,(iv)-4
(2) (i)-4,(ii)-3,(iii)-1,(iv)-2
(3) (i)-3,(ii)-4,(iii)-2,(iv)-1
(4) (i)-3,(ii)-4,(iii)-1,(iv)-2

**66. किस हिन्दू माह में गणगौर त्यौहार मनाया जाता है?**
(1) चैत्र (2) वैशाख
(3) फाल्गुन (4) श्रावण

**67. राजस्थान की प्रसिद्ध ब्ल्यू पॉटरी की दस्तकारी का उद्भव कहाँ से हुआ?**
(1) कश्मीर (2) पर्शिया [ईरान]
(3) अफगानिस्तान (4) सिंध

**68. किस समारोह में, किसी देवता या देवी के सामने छोटे बच्चे के बाल पहली बार काटे जाते हैं?**
(1) बढ़ार (2) आख्या
(3) जडूला (4) सामेला

**69. राजस्थान में पोमचा, एक प्रकार की ओढ़नी पहनी जाती है?**
(1) माँ बनने के उत्सव पर (2) विवाह के अवसर पर
(3) अविवाहित कन्या द्वारा (4) एक विधवा द्वारा

**70. रखड़ी और टोटी ......... है?**
(1) साफों के प्रकार (2) महिलाओं के गहने
(3) गुरूषों के वस्त्र (4) स्वदेशी जूते

**71. होलार राजस्थानी लोक गीत है जो ——— के अवसर पर गाये जाते है?**
(1) शिशु के जन्म होने पर
(2) किसी को विवाह के लिए प्रस्ताव देने
(3) गणगौर उत्सव पर
(4) विवाह समापन

**72. निम्न में से कौन सा युग्म सही है?**

| (संस्थान) | | (स्थापना) |
|---|---|---|
| (1) जयपुर कत्थक केंद्र | - | 1982 |
| (2) राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी | - | 1980 |
| (3) राजस्थान ललित कला अकादमी | - | 1957 |
| (4) राजस्थान संस्कृत अकादमी | - | 1969 |

**73. सूची-I व सूची-II को सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (पर्यटक स्थल) | सूची-II (स्थिति) |
|---|---|
| a. चौरासी खम्भों की छतरी | (i) बूँदी |
| b. दौलत बाग | (ii) अजमेर |
| c. लालगढ़ | (iii) बीकानेर |
| d. जग मंदिर | (iv) उदयपुर |

**कूट:-**
(1) a-(iv), b-(iii), c-(i), d-(ii)
(2) a-(i), b-(ii), c-(iii), d-(iv)
(3) a-(iii), b-(iv), c-(ii), d-(i)
(4) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

**74. निम्न में से कौनसा कार्यक्रम अकाल की समस्या से निपटने हेतु नहीं है?**
(1) क्रैफी कार्ड योजना (2) काम के बदले अनाज
(3) स्वावलम्बन कार्यक्रम (4) जलधारा योजना

**75. राजस्थान के ऐसे जिले कौनसे हैं, जो बहुधा अकाल की स्थिति से प्रभावित रहते हैं?**
(1) जयपुर, सीकर, चुरू
(2) धौलपुर, जैसलमेर, सिरोही
(3) बीकानेर, सीकर, अजमेर
(4) जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर

**76. 1992 में राजस्थान में अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत उद्घोषणा के समय निम्नांकित में से कौन राजस्थान का राज्यपाल था?**
(1) रघुकुल तिलक (3) एम. चैन्नारेड्डी
(2) दरबारा सिंह (4) अंशुमान सिंह

**77. प्रोटेम स्पीकर को शपथ कौन दिलाता है?**
(1) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(2) मुख्यमंत्री (3) राज्यपाल
(4) राज्य विधानसभा का वरिष्ठतम सदस्य

**78. निम्नलिखित में से किसने राजस्थान विधान सभा के प्रोटेम स्पीकर, स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का पद संभाला है?**
(1) डॉ. सी. पी. जोशी (2) राम किशोर व्यास
(3) समर्थलाल मीणा (4) पूनम चंद विश्नोई

**79. निम्नलिखित में से कौन एक से अधिक बार राजस्थान का मुख्यमंत्री नहीं रहा है?**
(1) शिवचरण माथुर (2) हरिदेव जोशी
(3) हीरालाल देवपुरा (4) भैरोसिंह शेखावत

80. राजस्थान के मुख्यमंत्री जिनका जन्म अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ था?

(1) मोहनलाल सुखाड़िया (2) वसुंधरा राजे

(3) जगन्नाथ पहाडिया (4) अशोक गहलोत

81. राजस्थान राज्य में जिलाधीश के पद पर नियुक्ति की जाती है?

(1) एक सामान्य प्रशासन की

(2) एक तकनीक प्रशासन की

(3) एक शैक्षणिक प्रशासन की

(4) एक वैज्ञानिक प्रशासन की

82. निम्नलिखित में से कौन जिला स्तर पर आपदा निवारण तथा राहत उपायो के लिए उत्तरदायी है?

(1) जिले के निर्वाचन सांसद

(2) जिला परिषद अध्यक्ष (जिला प्रमुख)

(3) राज्य का जिला प्रभारी मंत्री

(4) जिलाधीश

83. निम्नलिखित में से किसे ग्राम सभा की कार्यकारी समिति के रूप में जाना जाता है-

(1) ग्राम पंचायत (2) पंचायत समिति

(3) पंच परिषद (4) ग्राम स्थायी समिति

84. राजस्थान में पंचायती राज व्यवस्था का शुभारंभ किस पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत किया गया था?

(1) चतुर्थ (2) प्रथम

(3) द्वितीय (4) तृतीय

85. मनुष्य के शरीर में रक्त का pH मान है -

(1) 6.4 (2) 4.8

(3) 7.4 (4) 8.2

86. हैजा किस रोग जनित जीव द्वारा होता है?

(1) प्रोटोजोआ (2) वाइरस

(3) बैक्टीरिया (4) फंगस

87. रेबीज निदान के टीके का आविष्कार किया?

(1) डॉ. शोक ने (2) डॉ. साविन ने

(3) लुईस पाश्चर ने (4) उक्त तीनों से मिलकर

88. संचार में प्रयुक्त होने वाला फाइबर ऑप्टिकल केबल किसके सिद्धान्त पर कार्य करती है?

(1) प्रकाश का नियमित परावर्तन

(2) प्रकाश का विसरित परावर्तन

(3) प्रकाश का अपवर्तन

(4) प्रकाश का पूर्ण आंतरिक परावर्तन

89. निम्नलिखित में से सबसे भारी धातु है?

(1) सोना (2) चाँदी

(3) पारा (4) प्लैटिनम

90. एम. एस. एक्सेल में चयनित सेल का छनन.........कुंजी द्वारा किया जाता है—

(1) Ctrl + Shift + F (2) Ctrl + Shift + C

(3) Ctrl + Shift + P (4) Ctrl + Shift + L

91. कम्प्यूटर कुंजीपटल में .......... फंक्शन कुंजी होती है-

(1) 05 (2) 12

(3) 13 (4) 14

92. MS Paint में किसी भी तस्वीर को ............ फॉरमेट (Format) में सुरक्षित नहीं किया जा सकता—

(1) PNG (2) JPEG

(3) BMP (4) AVI

93. कम्प्यूटर में आंकड़े संग्रहित करने के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सबसे बड़ी इकाई है?

(1) बाइट (2) किलोबाइट (kb)

(3) मेगाबाइट (Mb) (4) गीगाबाइट (Gb)

94. माउस है एक—

(1) अदा (इनपुट) युक्ति (डिवाइस)

(2) प्रदा (आउटपुट) युक्ति (डिवाइस)

(3) अनुप्रयोग सॉफ-टवेयर

(4) ऑपरेटिंग प्रणाली

95. जब ईमेल भेजा जा रहा हो, ........... संदेश की सामग्री का वर्णन करती हैं?

(1) टू (To) (2) विषय

(3) संलग्नक (4) कोई नहीं

## भाग : (द)
## गणित

96. राम, मोहन और सोहन की औसत उम्र 40 वर्ष है। यदि मोहन, सोहन और रवि की कुल उम्र 90 वर्ष हो तथारवि की उम्र 25 वर्ष हो तो राम की उम्र होगी-

(1) 40 वर्ष (2) 55 वर्ष

(3) 50 वर्ष (4) 60 वर्ष

97. किसी कक्षा में 60 लड़के हैं। 50 किलोग्राम भार वाला एक लड़का चला जाता है तथा एक नया लड़का कक्षा में

दाखिल हो जाता हैं। इस प्रकार औसत भार में $\frac{1}{4}$ किग्रा की वृद्धि हो जाती है नए लड़के का भार कितने किलोग्राम है?

(1) 50 (2) 40

(3) 65 (4) 75

98. चीनी के मूल्य में 25 प्रतिशत वृद्धि होने पर गृहिणी चीनी का प्रयोग कितना प्रतिशत कम कर दे कि उसका मासिक व्यय न बढ़े?

(1) 20% (2) 27%

(3) 25% (4) 30%

99. एक फ्रिज का मूल्य 1994 में 8100 रुपये था यदि इसका मूल्य 10% वार्षिक दर से घटता हैं तो इसका मूल्य 1996 में क्या था?

(1) 10,000 रु. (2) 8000 रु.

(3) 6561 रु. (4) 5616 रु.

100. मीरा ने साड़िया बेचकर 20% लाभ कमाया। शबनम ने 12 साड़िया 720 रुपये प्रति साड़ी खरीदकर समस्त साड़ियाँ 9936 रुपये में बेच दी शबनम का लाभ प्रतिशत ज्ञात करो?

(1) 15% (2) 20%

(3) 35% (4) 52%

101. दो साइकिलें में से प्रत्येक का विक्रय मूल्य 300 रुपये है यदि पहली साइकिल पर 25% का लाभ और दूसरी पर 25% का हानि हुई तो कुल पर कितने प्रतिशत का लाभ या हानि हुई?

(1) $6\frac{1}{4}\%$ हानि (2) $4\frac{1}{6}\%$ लाभ

(3) $6\frac{1}{2}\%$ हानि (4) कोई नहीं

102. एक त्रिभुज की भुजाओं में 3 : 5 : 7 का अनुपात है यदि त्रिभुज का परिमाप 75 हो तो सबसे बड़ी भुजा की लम्बाई होगी?

(1) 15 (2) 25

(3) 35 (4) 45

103. एक पर्स में 1 रु, 50 पैसे, 25 पैसे था 20 पैसे के सिक्के 1 : 2 : 4 : 5 के अनुपात में है। यदि इन सिक्कों का कुल मूल्य 400 रु. हो, तो 20 पैसे के सिक्के, 25 पैसे के सिक्कों से कितने अधिक है?

(1) 100 (2) 300

(3) 500 (4) 700

104. संजय ने 12,500 रु. लगाकर एक दुकान खोली कुछ समय पश्चात संदीप दुगुना धन लगाकर व्यापार में साझीदार हो गया। वर्ष के अन्त में लाभ इस प्रकार बाँटा गया कि संजय के लाभ का 7गुना, संदीप के लाभ के 6गुने के बराबर हो तो बताओ संदीप कितने माह बाद व्यापार में सम्मिलित हुआ?

(1) 5 (2) 7

(3) 4 (4) 6

105. 5000 रु. के 10 प्रतिशत वार्षिक दर से 3 वर्ष से चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर कितना हैं?

(1) 165 रु. (2) 185 रु.

(3) 175 रु. (4) 155 रु.

106. कितने समय में एक धन 12% वार्षिक ब्याज की दर से दो गुणा हो जावे?

(1) 8 वर्ष 3 माह (2) 8 वर्ष 4 माह

(3) 9 वर्ष (4) कोई नहीं

107. दो पूर्ण संख्याओं का गुणनफल 1500 है। तथा इनका महत्तम समापवर्तक 10 है। तब इनका ल. स. प. क्या होगा?

(1) 15000 (2) 150

(3) 1500 (4) 1200

108. तीन पुरुष और 4 स्त्रियां एक कार्य 16 दिनों में कर सकती हैं, किंतु 4 पुरुष तथा 3 स्त्रियां वही कार्य 12 दिनों में कर सकती हैं। तदनुसार 2 पुरुष तथा 5 स्त्रियां वही कार्य कितने दिनों में कर पाएंगे?

(1) 24 दिन (2) 20 दिन

(3) 12 दिन (4) 18 दिन

109. एक खरगोश एक कुत्ता से 600 मी. की दूरी पर है। खरगोश व कुत्ता की चाल क्रमशः 80 मीटर/मिनट व 120 मीटर/मिनट है तो कुत्ता खरगोश को कितने समय पकड़ लेगा?

(1) 10 मिनट (2) 15 मिनट

(3) 17 मिनट (4) इनमें से कोई नहीं

110. अशोक जब 5 किमी./घण्टा की चाल से विद्यालय जाता है, तब 6 मिनट देर से पहुंचता है, लेकिन जब 3 किमी./घण्टा की चाल से जाता है, तब 16 मिनट देर से पहुंचता है। उसके विद्यालय की दूरी क्या है?

(1) 6 किमी. (2) 1.25 किमी.

(3) 2 किमी. (4) 4.25 किमी.

111. किसी बल्लेबाज की 11 पारियों के रनों का औसत कुछ है। 12वीं पारी में उसने 90 रन बनाये जिससे उसके रनों का औसत में 5 की वृद्धि हो गई। बताइये 12वीं पारी के बाद उसके रनों का औसत कितना होगा ?

(1) 30 (2) 35

(3) 40 (4) 45

112. एक संख्या अपने 20% से 40 अधिक हो तो वह संख्या होगी-

(1) 40 (2) 50

(3) 60 (4) 70

113. एक खरगोश एक कुत्ता से 600 मी. की दूरी पर है। खरगोश व कुत्ता की चाल क्रमशः 80 मीटर/मिनट व 120 मीटर/मिनट है तो कुत्ता खरगोश को कितने समय पकड़ लेगा?

(1) 10 मिनट (2) 15 मिनट

(3) 17 मिनट (4) इनमें से कोई नहीं

115. राधामोहन एक भैंस 20000 रु. में बेचता है तथा इस पर उसे 20% की हानि होती है। तो भैंस का क्रय मूल्य ज्ञात करो?

(1) 40000 रु. (2) 20000 रु.


(3) 80000 रु. (4) 25000 रु.

116. $4\frac{1}{2}$, 3 व $10\frac{1}{2}$ का लघुतम समापवर्त्य कितना होगा?

(1) 60 (2) 63

(3) 67 (4) 73

निर्देश: ( प्रश्न संख्या 32 से 36 ): यहाँ दिया गया ग्राफ एक बीमा कंपनी द्वारा विभिन्न आयु वर्गों के व्यक्तियों से 1000 रुपये का बीमा कराने पर ली जाने वाली वार्षिक बीमा किस्तों को प्रदर्शित करता है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए-




स्केल OX के साथ → 1 छोटा भाग = 1 वर्ष

OX के साथ → 1 छोटा भाग = 50 पैसे

117. 1000 का बीमा कराने के लिए 26 वर्षीय युवक को कितनी वार्षिक बीमा किस्त देनी होगी?

(1) 46 रुपये (2) 44 रुपये

(3) 45.75 रुपये (4) 45.25 रुपये

118. उस व्यक्ति की आयु कितनी होगी, जिसके लिए 1000 रुपये का बीमा कराने पर वार्षिक बीमा-किस्त देय 44.60 रुपये है?

(1) 23 वर्ष (2) $23\frac{1}{2}$ वर्ष

(3) 24 वर्ष (4) 45 वर्ष

119. 10,000 रुपये का बीमा कराने के लिए 22 वर्ष के युवक को कितनी बीमा किस्त देनी होगी?

(1) 435 रुपये (2) 440 रुपये

(3) 43.75 रुपये (4) 437.50 रुपये

120. 1000 का बीमा कराने के लिए 23 वर्षीय युवक की तुलना में 30 वर्षीय व्यक्ति को कितने प्रतिशत अधिक बीमा-किस्त देनी होगी?

(1) 4.75% (2) 5.68%

(3) 6.24% (4) 6%

## भाग : ( अ ) सामान्य हिन्दी

1. (4) **व्याख्या:**- सु + आगत = यण् संधि
2. (3) **व्याख्या:**- निः+यात = निर्यात, विसर्ग संधि
3. (1) 4. (3) 5. (2) 6. (2)
7. (2) **व्याख्या:**- स्वल्प = सु+अल्प ( मूल शब्द )
सौहार्द = सु+हृद ( मूल शब्द ) + अ ( प्रत्यय )
सुषुप्त = सु+सुप्त ( मूल शब्द )
''निष्णात, निष्पक्ष, निष्ठा'', इन तीनों में निस् उपसर्ग हैं।
'आपेक्षित' में 'आ' उपसर्ग, 'आंगिक' में 'अंग' मूल शब्द तथा 'इक प्रत्यय हैं। 'आसक्ति' में 'आ उपसर्ग हैं। 'प्रगति' एवं 'प्रभाव' में 'प्र' उपसर्ग तथा 'प्रतिवाद' में 'प्रति' उपसर्ग हैं।
8. (3) 9. (1) 10. (2) 11. (1) 12. (1)
13. (1) 14. (1) 15. (1) 16. (1) 17. (3)
18. (4) **व्याख्या:**- प्रथम तीन विकल्प क्रिया में आई प्रत्यय जुड़कर जबकि चौथे विकल्प साफ [विशेषण] + आई [प्रत्यय] जुड़कर सफाई भाववाचक संज्ञा निर्मित हुई। ध्यान रहे आई प्रत्यय निर्मित शब्द भाववाचक संज्ञा के उदाहरण होते है।
19. (1) 20. (2) 21. (4) 22. (4) 23. (3)
24. (1) 25. (3) 26. (2) 27. (3) 28. (2)
29. (4) **व्याख्या:**- जो किसी चीज के आर पार देख सकता है - पारदर्शी
   - जो दूर की सोचता है - दूरदर्शी
30. (1)

## भाग : ( ब ) सामान्य अंग्रेजी

31. (1) **Exp. :** Reflexive pronoun को compound personal pronoun के रूप में जाना जाता है।
32. (2) **Exp. : The Adverb clause:-** An adverb clause does as the work of an adverb. Hence it can modify a verb. an adjective or an adverbs.' यहाँ 'When I please' adverb clause of time को व्यक्त कर रहा है।
33. (3) **Exp. :** यहाँ Newspaper Plural (बहुवचन) है अत: Present Indefinite Tense का प्रयोग करते हुए (Headlines के लिए ) विकल्प C सही है।
34. (1) Exp.: यहाँ पर to be let passive form में दिया गया है, जो कि Imperative Sentence है जिसका Active form होगा- to let.
35. (1) **Exp.:** दिये गये Sentence में से They subject को hide कर दिया गया है, जिसे Active में transform करते समय दिखाया गया है तथा verb के रूप में took का प्रयोग होगा।
36. (2) **Exp.:-** Alas ! के कारण दिया गया वाक्य Exclamatory है अत: said को exclaimed sadly में बदला गया है।
37. (4) **Exp.:-** Wood के साथ कोई भी article का प्रयोग नहीं होता है।
38. (1) **Exp.:-** Several का प्रयोग एक ही वर्ग के अनेकों, वस्तुओं व व्यक्तियों के लिए किया जाता है, जबकि अलग वर्ग के अनेक वस्तुओं और व्यक्तियों के लिए Various का प्रयोग किया जाता है। जैसे-
   - Several books of physics were lying on the table.
   - Various books were lying on the table.
39. (2) **Exp. :** यदि कोई sentence who (कौन) से प्रारम्भ होने वाला interrogative sentence है, तो उसे assertive sentence में transform करने के लिए everyone / everybody, no one, nobody एवं none का प्रयोग किया जाता है। यदि who से प्रारम्भ होने वाला interrogative sentence negative भाव में है, तो उसे affirmative भाव में बदलेंगे और यदि who वाला sentence affirmative भाव में है तो उसे transform करते समय उसमें not का प्रयोग करेंगे।
40. (1) 41. (1) 42. (3) 43. (2) 44. (1)
45. (3)

## भाग : ( स ) सामान्य ज्ञान

46. (2) 47. (1) 48. (2)
49. (4) **व्याख्या:**- घग्घर नदी को **मृत नदी** कहा जाता है।
50.(3)51. (2) 52. (1)
53.(1) **व्याख्या:**- नवीनतम आँकड़ों के अनुसार 31 मार्च, 2022 को राज्य में रेल मार्ग की कुल लम्बाई 6046 **किमी.** थी।
54. (2) 55. (2) 56. (4) 57. (1) 58. (1)
59. (2) 60. (3) 61. (4) 62. (1) 63. (2)
64. (4) 65. (3) 66. (1) 67. (2) 68. (3)
69. (1) 70. (2) 71. (1) 72. (3) 73. (2)
74. (1) 75. (4) 76. (2) 77. (3) 78. (4)
79. (3) 80. (2) 81. (1) 82. (4) 83. (1)
84. (3) 85. (3) 86. (3) 87. (3) 88. (4)
89.(4) **व्याख्या:** दिये गये विकल्पों में सबसे भारी धातु प्लैटिनम है। भारी धातु का घनत्व उच्च होता है। निम्न घनत्व वाली धातुएँ हल्की होती हैं।
90. (4) 91. (2) 92. (4) 93. (4) 94. (1)
95. (2)

## भाग : (द) गणित

**96. व्याख्या:** (2) मोहन, सोहन व रवि की कुल उम्र = 90 वर्ष
रवि की उम्र = 25 वर्ष
अतः मोहन व सोहन की कुल आयु = 90 – 25 = 65 वर्ष ... (1)
राम, मोहन व सोहन की कुल आयु = 40×3
= 120 वर्ष ... (2)
समी. (2) व समी. (1)
⇒ राम की आयु = 120–65 = 55 वर्ष

**97. व्याख्या:** (3) नये लड़के का भार = जाने वाले का भार + कुल संख्या × औसत वृद्धि

$= 50 + 60 \times \frac{1}{4}, = 65$ **Kg.**

**98. व्याख्या:** (1) उपभोग में कमी $= \frac{\text{वृद्धि}}{100 + \text{वृद्धि}} \times 100$

$\Rightarrow \frac{25}{100+25} \times 100$

$\Rightarrow \frac{25}{125} \times 100 = 20\%$

**99. व्याख्या:** (3) 2 वर्ष पूर्व वाशिंग मशीन का मूल्य

$= 8100 \times \frac{90}{100} \times \frac{90}{100} = 6561$ रुपये

**100. व्याख्या:** (1) शबनम की 12 साड़ीयों का क्रयमूल्य
= 720×12 = 8640 रुपये
शबनम की साड़ियों का विक्रय मूल्य = 9936 रुपये

अतः लाभ% $= \frac{1296}{8640} \times 100 = 15\%$

**101. व्याख्या:** (1) जब लाभ व हानि का संख्यात्मक मान समान हो तथा दोनों वस्तुओं का विक्रय मूल्य समान होने पर हमेशा हानि होती है।

हानि% $= \frac{a \times b}{100} = \frac{25 \times 25}{100} = 6\frac{1}{4}\%$ हानि

**102. व्याख्या:** (3) माना त्रिभुज की भुजाऐं क्रमशः 3x, 5x व 7x है।
⇒ 3x + 5x + 7x = 75
⇒ 15x = 75
⇒ x = 5
अतः त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा = 7x = 7×5 = 35

**103. व्याख्या:** (1)

| 1 रुपये | : | 50 पैसे | : | 25 पैसे | : | 20 पैसे | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | : | 2 | : | 4 | : | 5 | ← सिक्के |
| 1 | : | 1 | : | 1 | : | 1 | ← धन रु. |

कुल मूल्य = 400 रुपये

∴ 1 अनुपात धन रुपये $= \frac{400}{4} = 100$

अत 20 पैसे, 25 पैसों से कितने सिक्के अधिक है।
= 5–4×100 = 100

**104. व्याख्या:** (1)

| संजय | : | संदीप |
|---|---|---|
| 12,500×12 | : | 12500×2×x (समय) |
| ⇒ 6 | : | x |

प्रश्न से संजय×7 = संदीप×6
⇒ संजय : संदीप = 6 : 7

अतः $\frac{6}{x} = \frac{6}{7} \Rightarrow x = 7$ सात माह

∴ संदीप व्यापार में 12–7 = 5 माह बाद सम्मिलित हुआ।

**105. व्याख्या:** (4) साधारण ब्याज $= \frac{5000 \times 10 \times 3}{100} = 1500$ रु.

चक्रवृद्धि ब्याज $= 5000 \times \frac{110}{100} \times \frac{110}{100} \times \frac{110}{100} - 5000$

= 6655 – 5000 = 1655
दोनों ब्याजों में अन्तर = 1655 – 1500 = 155 रु.

**106. व्याख्या:** (2) समय $= \frac{(n-1) \times 100}{\text{दर}}$

$= \frac{(2-1) \times 100}{12} = \frac{25}{3} = 8$ वर्ष 4 माह

**107. व्याख्या:** (2) सूत्र : दो संख्याओं का गुणनफल
= ल. स. प. × म. स. प.

⇒ ल. स. प. $= \frac{1500}{10} = 150$ **Ans.**

**108. व्याख्या:-** (4) $3M + 4W = \frac{1}{16}$ ... (1)

$4M + 3W = \frac{1}{12}$ ... (2)

समी. (1)× 4 – समी. (2)× 3

$\Rightarrow 12M + 16W = \frac{1}{4}$

$12M + 9W = \frac{1}{4}$

$7W = 0$

$W = 0$

समी. (1) में रखने पर

$$3M + 0 = \frac{1}{16}$$

$$M = \frac{1}{48}$$

$2M + 5W$ कार्य करेगी $= 2\times\frac{1}{48}+5\times0=\frac{1}{24}$

$= 24$ दिन

109. **व्याख्याः-** (2) समय $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}}$

$$= \frac{600}{120-80} = \frac{600}{40} = 15 \text{ मिनट}$$

अतः कुत्त, खरगोश को 15 मिनट में पकड़ लेगा।

110. **व्याख्याः-** (2) माना अशोक के घर के विद्यालय की दूरी x किमी. है।

अतः $\frac{x}{3}-\frac{x}{5}=\frac{10}{60} \leftarrow [16-6=10]$

$$\Rightarrow \frac{20x-12x=10}{60}$$

$$\Rightarrow 8x = 10$$

$$\Rightarrow x = \frac{10}{8} = 1.25 \text{ किमी.}$$

अतः अशोक के घर से विद्यालय 1.25 किमी. है।

111. **व्याख्या :** (2) माना कि 11 पारियों के रनों की संख्या = x

∴ 11 पारियों में रनों की कुल संख्या = 11x

प्रश्नानुसार, 12वीं पारी सहित रनों की संख्या = 12(x + 5)

∴ $11x + 90 = 12(x + 5) \Rightarrow 11x + 90 = 12x + 60$

$\Rightarrow x = 90 - 60 = 30$

अत: 12वीं पारी के बाद रनों का औसत = (30 + 5) = 35

112. **व्याख्या :** (2) प्रश्नानुसार, x = x का 20% + 40

$$\therefore x = \frac{x}{5}+40 \Rightarrow x - \frac{x}{5} = 40 \Rightarrow \frac{4}{5}x = 40$$

$$\Rightarrow x = \frac{40\times5}{4} = 50$$

अत: वह संख्या = 50 होगी।

113. **व्याख्या :** (2) समय $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}}$

$$= \frac{600}{120-80} = \frac{600}{40} = 15 \text{ मिनट}$$

अतः कुत्त, खरगोश को 15 मिनट में पकड़ लेगा।

115. **व्याख्या :** (4) भैंस का क्रय मूल्य $= 20000\times\frac{100}{90}$

116. **व्याख्या :** (2) ∴ $4\frac{1}{2}=\frac{9}{2}$, $3=\frac{3}{1}$ तथा $10\frac{1}{2}=\frac{21}{2}$

अत: $\frac{9}{2},\frac{3}{1}$ व $\frac{21}{2}$ का ल.स.व. ज्ञात करना है।

∴ दी गई भिन्नों का अभीष्ट ल.स.व.

$$= \frac{9,\ 3 \text{ व } 21 \text{ का ल. स. व.}}{2, 1 \text{ व } 2 \text{ का म. स. प.}} = \frac{63}{1} = 63$$

117. **व्याख्या :** (3) ग्राफ से स्पष्ट है कि 26 वर्ष वाले युवक को देने वाली बीमा किस्त = 45.75 रुपये

118. **व्याख्या :** (3) ग्राफ से स्पष्ट है कि प्रति हाजार 44.60 रुपये की बीमा किस्त 24 वर्ष के युवक को देना होगा।

119. **व्याख्या :** (4) ∵ 1000 पर 22 वर्षीय युवक को 43.75 बीमा किस्त देना होगा।

∴ 10000 पर 22 वर्षीय युवक को $= \frac{43.75\times10000}{1000}$

$= 437.5$

120. **व्याख्या :** (2) अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{46.50-44}{44}\times100$

$$= \frac{2.5}{44}\times100 = 5.68\%$$

□□□